## Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# अब चीन ने नेपाल की पीठ पर घोंपा छूरा

**खुलासा**

## नेपाल के हुमला जिले में चीन ने बनाये नौ व्यावसायिक भवन

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। लंबे समय से चीन के लिए भारत के खिलाफ नेपाल द्वारा की जा रही जासूसी का चीन ने नेपाल को जवाब में तगड़ा झटका देते हुए नेपाल की पीठ पर छूरा घोंपनें की हिमाकत कर डाली है।

नेपाल से मिली जानकारी के मुताबिक चीन सीमा से लगे हुमला जिले में दस साल से भीतर ही भीतर सक्रिय हो जाने से अब नेपाल की मुसीबते चीन ने और भी ज्यादा बड़ा दी है। बता दें कि नेपाल सरकार की अनुमति के बिना ही उनके गांव की सीमा में दखल डालने के साथ भवन निर्माण का काम शुरू कराने के साथ नेपाल के ग्रमीणों के आने जाने पर पूरी तरह रोक लगा डाली है।

लामा से मिली गुप्त सूचना के आधार पर साल 2010 में लिमी से लाप्चा तक सड़क निर्माण के समय चीन ने तीन मकान बना दिये थे।



अब आलम यह है कि चीनी सैनिक नेपाल के ग्रमीणों को वहां घुसने तक नही दे रहे है। नेपाल के नागरकों को धमकाकर वापस भेज रहे है। इस मामले की सूचना स्थानीय नेपाल प्रशासन के साथ नेपाल की सरकार के हाथ लग गई है।

बता दें कि नेपाल के कर्णपाली प्रदेश का हुमला मुमला जिला चीन सीमा से लगा अति दुर्गम क्षेत्र है। यहां के लोग शारिरीक तौर पर काफी मजबूत किस्म के होते है। यहां के घोड़े भी काफी खासे माने जाते है।

भारत नेपाल सीमा पर साल के नंवबर में जौलजीबी के मेंले में इन घोड़ों की सबसे ज्यादा मांग हुआ करती है। हुमला के जिलाधिकारी रिंजीवी गिरी ने चीनी सेना के उसके जिले में अचानक घुसकर अतिक्रमण करने से इलाके में संयुक्त जांच टीम गठित कर दी है।

वही अब खुद नेपाल और नेपाली सेना के अधिकारी नेपाल पुलिस व नपाली सशस्त्र बल इलाके में जाकर मोर्चा संभालने में जुट गई है। चीन द्वारा नेपाल का ध्यान भटकाने व भारत के खिलाफ नेपाल को जासूसी में लगाकर अब चीन ने नेपाल की भूमि में घुसकर नेपाल की नींद उड़ाने के भरसक प्रयास कर डाले है। नेपाल की ऐसी स्थिति में मुसीबतें फिलहाल थमनें का नाम नही ले रही है।

## न्यूज डायरी :

### उपचार कराने भारत आया नेपाली नागरिक रास्ते से गुम

**संवाददाता** पिथौरागढ़। नेपाल के बजांग जिले के केदार शिव पालिका निवासी अगनिराज जोशी उम्र सत्तर साल जो कि पिछले बीस मार्च को इलाज के लिए भारत आया था। उपचार के बाद घर लौटने से पहले लाकडाउन के चलते भारत में ही फंस गये थे। अभी भी भारत नेपाल सीमा के सील होने के कारण उनके परिवार जनों ने पत्र व संचार सेवा के माध्यम से भारत को जानकारी भेजी है। वही पिता को खोजने की गुहार लगाकर उनके पुत्र ने जिलाधिकारी व जिले के पुलिस अद्यीक्षका से खोजबीन कराये जाने की मांग पत्र भेजकर की है। जिला प्रशासन ने पूरी मदद किये जाने का भरोसा दिलाया है।

### जिले में बगैर मास्क के घूम रहे लोगों को पुलिस प्रशासन दे रहा चार मास्क

**संवाददाता** पिथौरागढ़। जिले में बगैर मास्क के घूम रहे लोगों को पुलिस महकमा अब चार मास्क निशुल्क दे रहा है। बगैर मास्क के पाये जाने पर पहले उनका चालान काटा जायेगा। फिर उनको मास्क बांटे जायेगे। जिले में लगातार बढ़ रहे कोरोना मामलों के बाद भी जिले के कई लोग जिले में बगैर मास्क पहने घरों से बाहर निकलकर स्थानीय बाजारों में घूम रहे है। वही जिले के पुलिस प्रशासन ने कई दर्जन लोगों के बगैर मास्क के घूमने पर पहले चालान काटे है और उसके बाद उनको चार मास्क निशुल्क थमाये।

### एमवे इंडिया ने मनाया राष्ट्रीय पोषण सप्ताह

**संवाददाता** देहरादून। स्वस्थ रहने के लिए पोषण के महत्व को उजागर करने के प्रयास में देश की अग्रणी एफएमसीजी डायरेक्ट सेलिंग कंपनी एमवे इंडिया ने राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाया। समारोह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हाल ही में राष्ट्रीय पोषण अभियान के तहत सितम्बर को पोषण माह के रूप में मनाने और इसे जन आंदोलन में परिवर्तित करने की घोषणा के अनुरूप थे। प्रयासों का उद्देश्य एक नियमित स्वास्थ्य व्यवस्था के साथ मिलकर स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देना और एक संतुलित पोषण सेवन को प्रोत्साहित करना है, जिससे कि लोगों के समग्र कल्याण को सुनिश्चित किया जा सके।

### फाइनेंसिंग के लिए फाइनेंसपियर ने दून इंटरनेशनल स्कूल से टाई अप किया

**संवाददाता** देहरादून। कोविड–19 के बाद से अपने बच्चों के स्कूल की फीस भरना कई अभिभावकों के लिए एक चुनौती बन गया है। फीस भुगतान से जुडी माता–पिता की इस परेशानी को दूर करने के लिए फाइनेंसपियर ने दून इंटरनेशनल स्कूल के साथ जीरो कॉस्ट ईएमआई पर स्कूल फीस भरने के लिए पार्टनरशिप की है।

## पुरोला नगर क्षेत्र में सौ से अधिक आयुष रक्षा किट बांटे

**संवाददाता** पुरोला। पुरोला नगर पंचायत के अंतर्गत मंगलबार को आयुष विभाग की ओर से कोरोना वॉरियर्स को रोगप्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने की सौ से अधिक आयुर्वेदिक आयुष रक्षा किट बांटी गई। आयुष किट के अंदर कूका इम्युनिटी क्वाथ चूर्ण,अश्वगंधा बट्टी, संश्मनी बट्टी तीन प्रकार की आयुर्वेदिक रोगप्रतिरोधक औषधि रखी गयी है।

आयुष रक्षा किट वितरित करते हुए आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारी डॉ0 प्रदीप उप्पल व डॉ0 गुरुदयाल नेगी ने कहा कि विभाग की ओर से बढ़ते हुए कोरोना संक्रमण को देखते हुए आयुष रक्षा किट बांटे जा रहे हैं प्राथमिकता से सबसे पहले यह किट उन लोगों को दिए जा रहे हैं जो



कोरोना संक्रमणकाल में निरंतर किसी न किसी रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं जिनमे मुख्यतः स्वास्थ्यकर्मी, पुलिस,राजस्व आदि महत्वपूर्ण विभागों के कर्मचारी अधिकारी हैं उसके उपरांत उन लोगों को भी यह किट वितरित किये जा रहे हैं जो शारीरिक कमजोर,बृद्धजन हैं जिनकी प्रतिरोधक क्षमता कम है। उन्होंने कहा कि आयुष रक्षा किट में दी गयी औषधियाँ लेने से लोगों की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाकर कोरोना संक्रमण से रोकथाम करेगी। एसडीएम पुरोला को कीट देते हुये।

## प्रांतीय रक्षक दल के प्रशिक्षित जवानों ने विभागों पर भर्ती में धांदली का लगाया आरोप

■अपने चहेते अप्रशिक्षित लोगों को नियम विरूद्ध दी जा रही हैं नियुक्तियां

**संवाददाता** पुरोला। पुरोला विकासखण्ड में मंगलबार को प्रांतीय रक्षक दल के जवानों ने बैठक कर उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। पीआरडी प्रशिक्षित जवानों ने दल के जिलाध्यक्ष किशन सिंह रावत व ब्लॉक अध्यक्ष रोशन लाल के नेतृत्व में बैठक कर अपनी समस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन प्रेषित किया ज्ञापन में कहा गया है कि शिक्षा विभाग में आउटसोर्स के माध्यम से पीआरडी जवानों की भर्ती हो रही है जिसमे जनपद उत्तरकाशी में विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से नियम विरुद्ध अपने चहेते अप्रशिक्षित लोगों को नियुक्तियां दी जा रही हैं जबकि मानकों के अनुसार चतुर्थ श्रेणी व सुरक्षा के दृष्टिगत केवल प्रशिक्षित पीआरडी जवानों को ही नियुक्ति का प्राविधान है।

ज्ञापन में पीआरडी जवानों ने विभागीय अधिकारियों पर अपनी उपेक्षा करने व मिलीभगत का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगा रहे हैं। जवानों ने मांग करते हुए कहा कि नियम विरुद्ध नियुक्तियों से जनपद के सभी पीआरडी प्रशिक्षित जवानों के साथ धोखा है और उनकी रोजी रोटी छीनने का एक सडयंत्र है जिससे जनपद के सभी जवान आजीविका छिनने से अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। उन्होंने ज्ञापन में कहा कि पीआरडी प्रशिक्षित जवान 1948 से निरंतर समय–समय पर सरकारों को हर क्षेत्र में सेवा देते आ रहे हैं जिस पर वे अपने परिवारों का भरण–पोषण भी करते है लेकिन इस प्रकार से अपने चहेते अपात्र व अप्रशिक्षित लोगों को हमारे स्थान पर नियुक्त कर देना हमारे साथ अन्याय है उन्होने निस्तारण न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

## सुधि संस्था के कोरोना काल में जिले में किये गये कार्यो की सांसद ने की सराहना

**संवाददाता**

सांसद टम्टा से मिले सुधि संस्था के अध्यक्ष हंसा दत्त




पिथौरागढ़। सांस्कृतिक सामाजिक एवं विकास मंच सुधि संस्था के अध्यक्ष हंसा दत्त भट्ट ने बीते सोमवार को अल्मोड़ा पिथौरागढ़ के सांसद अजय टम्टा से दिल्ली में उनके उतराखंड़ आवास में जाकर मुलाकात की। बता दें कि कारोना काल से लेकर अब तक जिले में सुधि संस्था द्वारा किये गये गये कार्यो की सांसद अजय टम्टा द्वारा खासी सराहना की गई।

वही सांसद अजय टम्टा को ज्ञापन सौंपकर सुधि संस्था के अध्यक्ष द्वारा जैती के राजकीय महाविधालय रामसिंह धौनी में सामाजिक जन सहभागिता अभियान सरोकार चलाने कार्यक्रम के तहत कार्यक्रम कराने के लिए संस्कृति विभाग से आर्थिक मदद दिलाये जाने हेतु सुधि संस्था के अध्यक्ष हंसा दत्त भट्ट ने सांसद भट्ट को पत्र सौपा है। वही सांसद ने मदद दिलाये जाने का उनको भरोसा दिलाया है।

सांसद ने कोरोना संक्रमण के बचाव के लिए उनकी सरकार द्वारा हर पल बेहतर कार्य व सहयोग करये जाने की जानकारी भट्ट को दी है।

## बाघ ने मानसिक रूप से मंद युवक को निवाला बनाया



**संवाददाता** पिथौरागढ़। सुकोली में बडोली पानी की टैंकी के पास बाघ ने एक आदमी को मार डाला। मरने वाला युवक मानसिक रोगी था। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।